**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–09 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- तेरह जनवरी से शुरू हो रहे महाकुम्भ दो हजार पच्चीस की तैयारियां अंतिम चरण में, महाकुम्भनगर जिले के संगम क्षेत्र में बारह किलोमीटर क्षेत्रफल में तैयार किये गये स्नान घाट।
- केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा, कहा–कुंभ भारत के विराट रूप का दर्शन है।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा उत्सव दो हजार पच्चीस के प्रतिभागी दल को किया रवाना, युवाओं में संवाद कौशल के विकास की आवश्यकता पर दिया जोर।
- गौतम बुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में इंडस फूड दो हजार पच्चीस प्रदर्शनी का केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने किया शुभारंभ, प्रदर्शनी स्थल पर यूपी पवेलियन का भी हुआ उद्घाटन।

**********

प्रदेश के अस्थाई जिले महाकुम्भनगर में महाकुंभ दो हजार पच्चीस की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में संगम क्षेत्र में स्नान के लिए बारह किलोमीटर क्षेत्रफल में घाट तैयार किये गए हैं। अब इन घाटों की पहचान के लिए अलग अलग प्रतीक चिन्ह लगाए जा रहे हैं। तेरह जनवरी से लेकर छब्बीस फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ दो हजार पच्चीस में करीब पैंतालिस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए संगम क्षेत्र में वॉच टावर और बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। उप मेला अधिकारी अभिनव पाठक ने बताया कि महाकुम्भ के लिए संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों को नए सिरे से विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज दौरे से पहले साफ–सफाई, निर्माण और सुरक्षा कार्यों को तेजी से पूरा किया गया है।

उधर, केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का निरीक्षण किया। । इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुंभ भारत के विराट रूप का दर्शन है।

उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्रालय ने महाकुंभ के महत्व और पौराणिकता से श्रृद्धालुओं को परिचित कराने के लिए कला ग्राम बनाया है, जहां देश की विविधता के दर्शन होंगे।

***भारत के लोगों के लिए भी भारत के बहुत सारे हिस्से अछूते हैं, यह भारत के विराट रूप का एक स्थान पर एक जगह पर दर्शन कराने वाला होगा। देश दुनिया से आने वाले सभी लोगों को भारत के सांस्कृतिक वैविद्य से और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धता से परिचय कराया जा सके, इसको लेकर के संस्कृति मंत्रालय ने अपना एक कलाग्राम डेवलप किया है।***

महाकुंभ में हवाई मार्ग से प्रयागराज पहुंचने वाले यात्रियों के लिए किए जा रहे इंतज़ामों को देखने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल कल प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया और समीक्षा बैठक की। श्री मोहोल ने कहा कि हवाई यात्रा कर प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंद्रह जनवरी तक नया टर्मिनल सेवाएं देना शुरु कर देगा।

***हमारा जो नया टर्मिनल का बिल्डिंग यहाँ पे हो रहा है तो जल्दी से जल्दी पूरा हो जाए इसलिए हम सब प्रयास करें तो बिल्कुल अच्छा काम चल रहा है और समय से पहले पूरा हो रहा है 15 तारीख से यह नया टर्मिनल जो बिल्डिंग है यह ऑपरेशन में आ जाएगा***

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भी कल प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की।

श्री सिंह ने बताया कि महाकुंभ में आने वाले देसी– विदेशी पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग की ओर से कम दामों पर हवाई पैकेज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

***पूरा कुंभ क्षेत्र के साथ साथ सात आठ मिनट की हवाई सेवा हवाई यात्रा का इसके साथ साथ कई पैकेज प्रयागराज से नैमाषारण्य, प्रयागराज से बनारस, प्रयागराज से विंध्यवासिनी धाम, प्रयागराज से अयोध्या इस तरह के कई शहरों को लेकर भी व्यवस्था हम लोगों ने हवाई यात्रा की शुरू की है जो इसी कुंभ क्षेत्र से देने का काम करेंगे।***

महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बसें भी चलाएगा। मुख्य स्नान के दिनों में सुव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन के लिए प्रयागराज के आस–पास से आने वाली बसों को बाहरी मेला क्षेत्र में स्थापित आठ अस्थायी बस अड्डों से संचालित किया जाएगा। साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए महाकुंभ क्षेत्र में सात हजार ग्रामीण बसें और तीन सौ पचास शटल बसें लगायी जाएंगी।

**********

उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम ने महाकुंभ के यात्रियों के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की है। इसके तहत पचास यात्रियों की अग्रिम बुकिंग कराने पर दो यात्रियों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर की ओर से

जारी आदेश में कहा गया है कि इस योजना में परिचालक को बुकिंग स्थल से गंतव्य स्थल तक पांच मिनट के भीतर पचास टिकट जारी करना अनिवार्य होगा। हमारे शामली प्रतिनिधि ने बताया कि बस की सामूहिक बुकिंग की जानकारी यात्रियों को यात्रा के अड़तालीस घंटे पहले वरिष्ठ केंद्र प्रभारी और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को देनी होगी। इस बीच, महाकुंभ आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे आज एक दर्जन से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेने चला रही है। इन ट्रेनों का विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी जारी किया गया है।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में महाकुंभ दो हजार पच्चीस को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पॉलीवाल गौड़ उपस्थित थी।

**********

नई दिल्ली के भारत मंडपम में दस से बारह जनवरी तक  चलने वाले अट्ठाइसवें युवा उत्सव दो हजार पच्चीस के प्रदेश के प्रतिभागी दल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से कल हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । इस मौके पर मुख्यमंत्री ने युवाओं में संवाद कौशल के विकास आवश्यकता पर विशेष जोर दिया ।

***एक राजनेता वही सफल हो सकता है जिसमें संवाद की कला हो। अगर वह संवाद की कला में माहिर नहीं है तो वह कभी सफल राजनेता नहीं हो सकता है। और युवा संसद के आयोजन के कार्यक्रम के साथ आप सबको जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ होता है। हम लोग बहुत बार कहते हैं इस बात को कि परम्परागत छात्र संघ चुनाव की बजाय हमे अपने विश्वविद्यालयों में, महाविद्यालयों में युवा संसद को प्रमोट करना चाहिए।***

मुख्यमंत्री ने कानपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधान मंडल की महिला सदस्यों के सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। उन्होंने विधायिका में महिलाओं के प्रभावी प्रतिनिधित्व के बारे में खासतौर से चर्चा की।

***विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व ये तब बढ़ेगा और तब प्रभावी होगा जब स्वयं अपने विवेक से वे निर्णय लेकर के समाज से जुड़ी भी उन योजनाओं के बारे में नजदीक से जा करके अपनी संवेदना का परिचय देंगे और अब तो कोई फील्ड ऐसा नहीं है जहाँ पर महिलाएं प्रतिनिधित्व न कर रही हो कौन ऐसा क्षेत्र है जहाँ से आज जो वंचित हो जो क्षेत्र उससे वंचित हो।***

मुख्यमंत्री ने कल दो अलग अलग मीडिया समूहों के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे लोककल्याणकारी कामों के बारे में जानकारी दी।

**********

गौतम बुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड में कल से इंडस फूड दो हजार पच्चीस प्रदर्शनी का आठवां संस्करण शुरू हो गया। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने इसका उद्घाटन किया । यह प्रदर्शनी कल तक चलेगी। प्रदर्शनी में तीस देशों के दो हजार तीन सौ से अधिक प्रदर्शक और सात हजार पांच सौ अंतर्राष्ट्रीय खरीदार हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा ।

***मेरी प्राथमिकता में है फूड सेफ्टी भी बहुत ज्यादा अहमियत रखता है। ऐसे में गुणवत्ता के साथ कभी कोई समझौता  बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पिछले बजट में भी कई ऐसे प्रावधान बनाये गयश्ए जो की गुणवत्ता से ही जुड़े हुए हैं। हंड्रेड नए फूड टेस्टिंग लैब की घोषणा की गयी।***

उधर, प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और

कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी कृषि विपणन और कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर बनाए गये यूपी पवेलियन का उद्घाटन किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज और आगामी दो दिनों के लिये प्रदेश में ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि ग्यारह जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में वर्षा हो सकती है। इस बीच, ठंड के कारण जनजीवन पर गहरा असर देखने को मिल रहा है।

**********